हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 30 जून 2024

04 28 गोवंश बरामद, तीन आरोपी किए गिरफ्तार


07 गाय को बचाने के प्रयास में टकराए कार और ऑटो




## खबर संक्षेप

### संभागायुक्त 1 जुलाई को लेंगे विभागीय समीक्षा बैठक

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी 1 जुलाई को दोपहर 3 बजे आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। संयुक्त आयुक्त विकास जीपी दोहर ने सभी संभागीय अधिकारियों को बैठक में संपूर्ण जानकारी, पीपीटी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

### जिले में अभी तक 95.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून 2024 से आज दिनांक 29 जून को प्रातः 8 बजे तक जिले में 95.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 112.6 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 29 जून को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में निरंक, सिवनीमालवा में निरंक, इटारसी में निरंक, माखननगर में निरंक, सोहागपुर में 2.0, पिपरिया में निरंक, बनखेड़ी में निरंक, पचमढ़ी में 20.0 एवं डोलरिया तहसील में 6.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**नर्मदापुरम।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नर्मदापुरम मंडल के सांई हेवन सिटी डबल फाटक के पास देवी धाम मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के जिला प्रभारी मुकेश चंद्र मैना ने बताया कि इस अवसर पर नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, हंस राय, प्रशांत दीक्षित, रोहित गौर, राहुल ठाकुर, नीरजा फौजदार आदि मौजूद रहे।

### दादा-दादी के साथ सेठानीघाट पर नहाने आया था बालक

# हादसाः नर्मदा में डूबने से 12 साल के बालक की मौत

नर्मदा नदी में नहाने वाले के डूबने का ग्राफ थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 15-20 दिनों में नर्मदापुरम सहित नर्मदा के अन्य घाटों पर लगभग 7 से 8 लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। वहीं शनिवार को शहर के सुप्रसिद्ध सेठानीघाट पर नहाने के दौरान एक 12 वर्षीय बालक गहरे पानी में चले जाने से उसकी डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले 15-20 दिनों से नर्मदा के घाटों पर नहाने के दौरान करीब 7 से 8 युवाओं की डूबने से मौत हो चुकी है। वहीं शनिवार को भी सेठानीघाट पर अपने परिजनों के साथ नहाने आए एक 12 वर्षीय बालक की भी नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। नागरिकों का कहना है कि घाटों पर स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षागार्ड की तैनाती के साथ साथ अन्य सुविधाएं भी प्रशासन को उपलब्ध कराना चाहिए। ताकि नर्मदा में डूबने वालों के ग्राफ पर अंकुश लगाया जा सके। फिलहाल बालक के



डूबने के बाद से ही घाट पर माहौल गमगीन हो गया है।



नर्मदापुरम में सेठानी घाट पर नर्मदा नदी में 12 साल की बालक की डूबने से मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह 8 बजे की है। बालक के डूबने के बाद उसे होमगार्ड जवानों ने बाहर निकाला। जिसके बाद उसे अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए। जिसके बाद तहसीलदार देवशंकर धुर्वे मौके पर पहुंचे। समझा इसके बाद परिजनों को गुस्सा शांत हुआ। बालक तनिष्क पिता उमेश दुदुंबी (12) निवासी सोनासांवरी का रहने वाला है। जो अपने दादा-दादी के साथ नर्मदा नदी में नहाने के लिए शनिवार सुबह आया था। बालक तनिष्क पिता उमेश दुदुंबी (12) निवासी सोनासंवरी सेठानी घाट पर दादा के साथ नहा रहा था। घाट पर बंधी चैन पकड़कर बालक नहा रहा था। अचानक उसका हाथ चैन से छूट गया और गहरे पानी में चला गया। घाट पर मौजूद होमगार्ड जवानों ने उसके तलाशने नदी में कूदे। कुछ ही मिनट में उसे बाहर निकाल लिया गया। पर तब तक वो अचेत हो गया था। बालक तनिष्क दुदुंबी इटारसी के महावीर जैन स्कूल में 8 वीं का छात्र था। दो बहनों में एक ही भाई था। मंझला था मृतक। पिता मजदूरी करते हैं। गर्मी को छुट्टी थी इसलिए हर शनिवार को नर्मदा स्नान करने आता था। बालक की मौत से परिवार में मातम छा गया।

# मां-बेटे पर पिस्टल से हमला करने वाले तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




सिवनीमालवा थाने में एक महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराई कि तीन आरोपियों ने उसे और उसके बेटे को मारने की नियत से पिस्टल चलाकर हमले का प्रयास किया। फरियादिया की रिपोर्ट पर शिवपुर थाना पुलिस ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और अधिकारियों के निर्देश पर एक टीम गठित कर तीनों आरोपियों को मय पिस्टल सहित एक खाली चला हुआ कारतूश भी जप्त कर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को फरियादिया भागवती बाई पति मांगीलाल उम्र 60 साल निवासी रावण पीपल थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपीगण सुनील, प्रशांत और सचिन के द्वारा जान से मारने की नियत से फरियादिया एवं उसके पुत्र पुरुषोत्तम पर पिस्टल से हमला किया गया। पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रं. 156/2024 धारा 294, 323, 506, 34, 307, 452 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वहीं घटना की जानकारी से वरिष्ट पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया। घटना की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी शिवपुर उप निरीक्षक विवेक यादव के द्वारा पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह को घटना की जानकारी देते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं एएसपी आशुतोष मिश्रा एवं एसडीओपी सिवनी मालवा राजू रजक के निर्देशन थाना प्रभारी उप निरीक्षक विवेक यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने आरोपी सुनील उर्फ़ अनिल उर्फ़ पप्पू बाईया पिता नारायण सिंह बाईया उम्र 44 साल, सचिन मीणा पिता सीताराम मीणा उम्र 35 साल, प्रशांत कुमार बाईया पिता प्रकाश बाईया उम्र 21 साल तीनो निवासी फेफरताल नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त काले रंग की हीरो कंपनी की मोटर सायकल क्रं. एमपी 05 जेडए 1841 एवं एक पिस्टल और खाली कारतूस चला हुआ जप्त कर सभी आरोपियों को न्यायलय पेश किया। आरोपियों में सुनील उर्फ़ अनिल उर्फ़ पप्पू बाईया पिता नारायण सिंह बाईया उम्र 44 साल निवासी फेफरताल नर्मदापुरम, प्रशांत कुमार बाईया पिता प्रकाश बाईया उम्र 21 साल निवासी फेफरताल नर्मदापुरम, सचिन मीणा पिता सीताराम मीणा उम्र 35 साल निवासी फेफरताल नर्मदापुरम हैं।

### आरोपियों को पकड़ने में इनकी रही मुख्य भूमिका

उप निरीक्षक विवेक यादव, उप निरीक्षक नागेश वर्मा, एएसआई आशीष तिरोल्या, प्रधान आरक्षक राजेश परते, आरक्षक गौरीशंकर विश्वकर्मा, आरक्षक अमर तवर, आरक्षक सतीश कुशवाह आरक्षक महेंद्र गुर्जर, आरक्षक जयपाल गावंडे, आरक्षक नरेंद्र राजपूत, आरक्षक ललित हरने, आरक्षक केतन प्रजापति, आरक्षक सुमित जाट, आरक्षक राहुल राजपूत की मुख्य भूमिका रही।

### नर्सिंग व पेपर लीक घोटाले को लेकर कांग्रेस का जिला स्तरीय धरना 1 को

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटालो एवं पेपर लीक घोटाले को लेकर युवाओं को न्याय मिल सके। इस हेतु जिला मुख्यालय पर एक जुलाई जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने जिले के समस्त कांग्रेस गण उक्त धरना/प्रदर्शन/ज्ञापन में उपस्थित रहने की बात कही है। उन्होंने बताया कि धरना प्रदर्शन नर्मदापुरम में प्रातः 11 बजे से दोप 2 बजे तक सोमवार को स्थान पीपल चौक, कोठी बाजार नर्मदापुरम में किया जायगा। इस अवसर पर राजकुमार केलू उपाध्याय प्रदेश प्रवक्ता मप्र कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस मीडिया विभाग प्रभारी जिला नर्मदापुरम भी मौजूद रहे।

# फसलों में होने वाले जोखिम से बचने किसान अवश्य कराएं फसल बीमा

### बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 : उप संचालक कृषि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान / जोखिमों की भरपाई हेतु भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है, जिसमें ऋणी तथा अऋणी दोनो ही प्रकार के किसान भाई अपनी अधिसूचित फसलों का अधिसूचित क्षेत्र हेतु बीमा करा सकते है। किसान भाई इस वर्ष बोई गई खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई 2024 तक संबंधित बैंको, समितियों के माध्यम से करा सकते है।

उप संचालक कृषि जे. आर. हेडाउ ने बताया है कि जिले की प्रमुख खरीफ फसल धान सिंचित हेतु 900 रुपये प्रति हेक्टर, धान असिंचित हेतु 620 रूपये प्रति हेक्टेयर, सोयाबीन हेतु 730 रूपये प्रति हैक्टर, मक्का हेतु 660 रुपये प्रति हेक्टर, अरहर हेतु 682 रुपये प्रति हेक्टर की बीमा प्रीमियम राशि निर्धारित है। किसान भाई उक्तानुसार बीमा प्रीमियम राशि का भुगतान कर, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सम्मिलित होकर फसलों में आने वाले जोखिम की भरपाई कर सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले में खरीफ वर्ष 2024 में धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, मक्का व अरहर पटवारी हल्का स्तर पर अधिसूचित है। कृषक इस बात का विशेष ध्यान रखे कि उनके पटवारी हल्का में अधिसूचित फसलों की प्रीमियम राशि बैंक द्वारा काटी जावे। यदि बैंक द्वारा गैर अधिसूचित फसलों हेतु बीमा प्रीमियम राशि काटी गई है तो किसान भाई बैंक से संपर्क कर त्रुटि सुधार करा लेंवे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना विगत वर्षों से स्वैच्छिक कर दी गई है, ऐसी स्थिति में जिन किसान भाइयों को फसलों का बीमा नहीं कराना है, ऐसे किसान भाई बीमांकन की अंतिम तिथि से 07 दिवस पूर्व अर्थात 24 जुलाई 2024 तक बैंक को निर्धारित प्रपत्र में सूचित कर देंवे कि वे इस वर्ष योजना में सम्मिलित नहीं होना चाहते है।

वहीं अधिसूचित क्षेत्र के अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अपने संबंधित बैंक/लोकसेवा केंद्र एवं निर्धारित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि के माध्यम से स्वैच्छिक रूप से करा सकते है। अऋणी कृषको हेतु आवश्यक दस्तावेज यथा फसल बीमा प्रस्ताव फार्म, आधार कार्ड व मोबाईल नंबर (आधार कार्ड अनिवार्य है, अन्य पहचान पत्र, शासन द्वारा मान्य दस्तावेज, वोटर आई.डी. कार्ड, राशन कार्ड, पेन कार्ड, समग्र आई.डी., ड्राइविंग लाईसेंस), भू-अधिकार पुस्तिका, बोनी प्रमाण पत्र अनिवार्य रहेगा। किसान भाई इस संबंध में अपने नजदीकी कृषि कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों के प्रवेशोत्सव में दीक्षांत समारोह का आयोजन

**नर्मदापुरम।** नवप्रवेशित विद्यार्थियों के प्रवेश उत्सव के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह मनाए जाने हेतु उच्च शिक्षा विभाग को प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 1 से 3 जुलाई तीन दिवसीय आयोजन करने के लिए निर्देशित किया गया है। दीक्षारंभ समारोह का उद्देश्य महाविद्यालय में आने वाले नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराना, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति और संस्कृति को सिखाना, अन्य छात्रों और संकाय के सदस्यों के साथ संबंध बनाने हेतु प्रेरित करना। दीक्षारंभ समारोह आयोजित किए जाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है। जिसमें शारीरिक क्रियाकलाप, मार्गदर्शन, विभाग से परिचय, सृजनात्मक कला तथा संस्कृति, साहित्यिक क्रियाकलाप, विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान आदि गतिविधियां सम्मिलित है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने बताया कि दीक्षारंभ समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई एवं समिति का भी गठन किया जा चुका है।




### एशियन गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी समेरिटंस की छात्रा

# रूस में अपनी प्रतिभा मनवाएगी चारू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस स्कूल के शिक्षा और संस्कार पाकर जीवन के क्षेत्र में सफलता के साथ ही यश पान वाले विद्यार्थियों की सूची दिनों दिन लंबी होती जा रही है। हाल ही में रूस में आयोजित चिल्ड्रन एशियन गेम्स में समेरिटंस की होनहार और प्रतिभाशाली छात्रा चारू चिचाम का चयन हुआ है। वह रूप में आयोजित इस विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में कुराश खेल में देश में प्रतिनिधित्व कर रही है। यह प्रतियोगिता 27 जून से 8 जुलाई तक चलेगी। इस प्रतियोगिता के लिए चुनी जाने वाली वह प्रदेश की एकमात्र खिलाड़ी है। यह न केवल समेरिटंस के लिए अपितु समूचे



जिले और प्रदेश के लिए गौरव की बात है। चारू की कोच और समेरिटंस की कुराश खेल की प्रशिक्षक वैशाली तिवारी ने बताया कि चारू का चयन 44 किलो वर्ग में हुआ है। इसके पहले चारू कई नेशनल पदक प्राप्त कर चुकी है। साथ ही उत्कृष्ट खेल के लिए उसे शासन द्वारा छात्रवृत्ति भी मिल चुकी है। वैशाली ने बताया कि चारू अभी कक्षा नवमीं की छात्रा है। इसके पहले वह वर्ष 2023 में नेशनल में रजत पदक, सीबीएसई वेस्ट जोन में रजत पदक और सब जूनियर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। उसने अभी तक 30 राज्य स्तरीय पदक जीते हैं। साथ ही नेशनल स्तर की 20 प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए हैं।

### संघर्ष से मिली प्रेरणा

स्कूल की प्राचार्य प्रेरणा रावत बताती हैं कि चारू बेहद सामान्य परिवार से आती हैं। उसके पिता मुकेश चिचाम और मां हेमपुष्पा ने विषम परिस्थितियों में चारू का लालन-पालन किया। चारू बचपन से ही प्रतिभाशाली है। उन्होंने अपनी साधारण परिस्थिति के बाद भी उसे पढ़ने और खेलने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराईं। उसने भी अपनी लगन और मेहनत से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उसकी जीवन यात्रा अन्य बालिकाओं के लिए भी प्रेरणा बन चुकी है। श्रीमती रावत ने बताया कि इसके अलावा समेरिटंस की ऋषिका राजपूत, पलक सिंह बैस, लक्ष्य सिंह राठौर भी कुराश खेल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। यही नहीं अन्य खेलों में विद्यालय के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इसी साल विद्यालय के एक विद्यार्थी विधान दुबे का चयन कूच बिहार ट्राफी में हुआ था। वहां उसने शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा हैंडबॉल में भी विद्यालय के कई खिलाड़ी नेशनल लेबल तक खेल चुके हैं।

मोहल्ले में ही रह रही एक युवती के घर पहुंच गई थी बालिका

# शाम 7 बजे चॉकलेट लेने गई बालिका रात 1.30 बजे सहेली के साथ मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शुक्रवार शाम को नागदेव मंदिर टिकारी की रहने वाली 11 वर्ष की बालिका, शाम 7 बजे से घर से गायब थी। रात 10.30 बजे तक भी जब वह घर नही लौटी तो परिजन कोतवाली पहुंचे । पुलिस की मदद से रात करीब 1.30 बजे बालिका को बरामद किया गया। देशबंधु वार्ड में किराए से रहने वाली युवती दीपू के घर के बाथरूम में बालिका अपनी सहेली के साथ मिली।

पुलिस ने रात में ही दोनों बालिकाओं को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। कोतवाली टीआई देवकरण डेहरिया ने बताया की 11 वर्षीय बालिका सहेली के साथ मंदिर चली गई थी। यहां से जब वह घर लौटी तो देर होने और घर के दरवाजे बंद होने की वजह से दोनों लौटकर मोहल्ले में किराए से रहने वाली युवती के घर चली गई। दीपू भूमिका की सहेली कनिका की परिचित है और अक्सर कनिका उसके घर रात में भी रुकती रही है। दोनों बालिकाएं दीपू के रूम के बाथरूम में मिली। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल कोई एफ आई आर दर्ज नहीं की गई है। इधर बालिका के परिजन कारवाई की मांग कर रहे हैं। शनिवार को भी माता पिता बरामद बेटी के साथ आवेदन लेकर एफआईआर दर्ज करवाने कोतवाली पहुंचे। भूमिका के पिता विक्की का कहना है कि बेटी को ढूंढते हुए वह जब दीपू के घर पहुंचे थे तो उसने घर में भूमिका के होने से इनकार कर दिया था। शाम 7 बजे उनकी 11 वर्षीय बेटी भूमिका किराना स्टोर पर छोटे भाई के साथ चॉकलेट लेने गई थी। इसी बीच उसकी सहेली साइकिल से आई और घूमने चलने का कहा। इसके बाद छोटे भाई को घर छोड़कर दोनों साथ में साइकिल से निकल गई।

**इनका कहना है**

शिकायत मिलने के बाद दोनों बालिकाओं को बरामद कर परिजनो को सौंप दिया गया। इस मामले में अभी जांच चल रही है।

**देवकरण डेहरिया,**
टी आई कोतवाली

## युवक से मारपीट के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बैतूल।** साईखेड़ा आरटीओ बैरियर उभरिया के पास पान ठेला लगाने वाले युवक के साथ 27 जून के करीब 3 बजे मारपीट की घटना हुई जिसने रवि ढोलेकर और उसका साथी रोहित ढोलकार अपनी कार से आए और बैठने का कहा ,जान पहचान का होने के कारण फरियादी बैठ गया। जो दोनों गाड़ी से उसे एक ढाबे पर ले गए जहा पर प्रकाश शिकरवार और अन्य लोग भी मौजूद थे गाड़ी से उतरते ही रवि, रोहित, और प्रकाश ने गली गलौज करना शुरू कर दिया और रंजिश को लेकर बेल्ट एवं पाइप से अन्य साथीयों के साथ हाथ मुक्को से मारपीट कर रिपोर्ट न करने की धमकी देकर छोड़ा गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश हेतु टीम गठित की गई। सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम उभारिया खापा निवासी 27वर्षीय युवक सेवकराम पिता झनक गोहे आरटीओ बेरियर के पास पान ठेला चलता है। सेवकराम के मुताबिक 27 जून को उसके पानठेले पर करीब 3 बजे रोहित ढोलेकर, रवि ढोलेकर इनोवा कार से पहुंचे। दोनों ने उसे गाड़ी में बैठने के लिए कहा तो सेवकराम अपनी मर्जी से उनके साथ कार में बैठ गया। कार से दोनों सेवकराम को शिव ढाबे पर ले गए और यहां प्रकाश सिकरवार एवं अन्य 3-4 लोगों के साथ रवि और रोहित ने प्लास्टिक के पाइप, बेल्ट एवं बांस के डंडे से बेरहमी से पीटा। सेवकाराम को गुरुकृपा ढाबे के एक कमरे में बंद कर दिया। 28 जून की शाम को सांईखेड़ा थाना में की आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट, स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

## कलेक्टर का आदेश अधिकारी फील्ड में ज्यादा नजर आएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को चाहिए कि वह फील्ड में जाएं और औचक निरीक्षण करें एवं खाद्य पदार्थ में मिलावट की निरंतर जांच करते रहें। कलेक्टर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम 2011 के प्रावधानों के क्रियान्वयन एवं उसके अंतर्गत खाद्य विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समयावधि में कार्यों को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उईके, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी गौतम अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### मिलावट से मुक्ति अभियान

खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटिल ने बताया कि जिले में खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहण व मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। मिलावट से मुक्ति अभियान के दौरान खाद्य विभाग को 1 जनवरी से 24 जून तक कुल 27 लाख 62 हजार 500 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसमें लायसेंस से 16 लाख 84 हजार, रजिस्ट्रेशन से 5 लाख 58 हजार 500 रूपए एवं अर्थदंड से 5 लाख 20 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि अमले द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच की जा रही है। मिलावट पाए जाने पर प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरूद्ध अभियोजन दायर कर दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन

पाटिल ने बताया कि खाद्य लायसेंस पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। इसके लिए आवेदक को स्वयं या एमपी ऑनलाइन के माध्यम से विभाग के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा। खाद्य लायसेंस रजिस्ट्रेशन की प्रति पोर्टल से जारी होते ही आवेदन में उल्लेखित ई-मेल पर पहुंच जाएगी। रजिस्ट्रेशन, स्टेट लायसेंस, सेंट्रल लाइसेंस के लिए अलग-अलग मापदंडों के अनुरूप 100 रुपए से लेकर 7 हजार 500 रुपए तक रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित है। आवेदक आबकारी विभाग, कृषि उपज मंडी, महिला बाल विकास विभाग, जिला प्रमुख आदि जाति कल्याण विभाग की शासकीय संस्थाओं के खाद्य लाइसेंस पंजीयन कर सकते है।

**खबर संक्षेप**

### कुएं में मिले वन्य प्राणी का किया रेस्क्यू



**बैतूल।** पश्चिमी वन मंडल बैतूल क्षेत्र के खेड़ी सांवलीगढ़ रेंज के जंगल में बने खेत में एक दुर्लभ वन्य प्राणी मिला है। इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से वन विभाग ने इस वन्य प्राणी को कुए से रेस्क्यू किया है। बताया जा रहा है कि किस लब्बू यादव ने सूचना दी थी कि कुए में एक वन्य प्राणी है। सूचना के आधार पर आईएफएस अक्षत जैन एसडीओ गौरव मिश्रा मौके पर पहुंचे और वन्य प्राणी को कुएं से बाहर निकाला गया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह दुर्लभ वन्यप्राणी पैंगोलिन है। यह वन्य प्राणी अधिकतर मंडला, बालाघाट ,सिवनी और छिंदवाड़ा जिले में देखने को मिलते हैं। मौके पर मौजूद पशु चिकित्सकों ने भी इसकी जांच की है। इसके पैंगोलिन को वन विभाग की टीम में जंगल में छोड़ दिया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह वन्य प्राणी अब धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार पैंगोलिन साँप छिपकली की तरह दिखने वाला स्तनधारी जीव है। यह वन्य जीव शर्मीले प्रवृत्ति का है। यह जीव की धरती पर 60 मिलियन सालों से पाए जाते हैं। यह जीव चीटियां खाकर गुजारा करते हैं। इस वन्य पर की के शरीर के ऊपर कड़ी और सुनहरी बुरी स्केल्स पाई जाती है।

### जिला निगरानी समिति बैतूल की बैठक संपन्न



**बैतूल।** शनिवार 29 जून को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में जिला निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक मे जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन भी सम्मिलित हुये। विभिन्न कृषक उत्पादक संगठन एवं सीबीबीओ संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित हुए जिनके द्वारा एफ़पीओ की प्रगति का ब्योरा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया। नाबार्ड से जिला विकास प्रबंधक राहुल कुशवाह ने बताया भारत सरकार की 10 हज़ार एफ़पीओ योजना के अंतर्गत बैतूल ज़िले के विकास खण्डों में 17 एफ़पीओ बनाये गये हैं। जिले में ज्यादातर एफ़पीओ द्वारा अपने किसान सदस्यों को उचित दर में कृषि संबंधित सामग्री जैसे खाद बीज मुहैया कराये जा रहे हैं। मंडी लायसेंस फीस कम करने या किस्तो में लेने हेतु मंडी सचिव को कलेक्टर ने निर्देशित किया।

ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की मांग

## नाले का निर्माण घटिया बताकर कांग्रेस पार्षदों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

नगर परिषद भैंसदेही के वार्ड क्रमांक 13 में नव निर्माणधीन नाले के घटिया निर्माण को लेकर वार्ड पार्षद महेश थोटेकर द्वारा नगर परिषद के सामने धरना दिया।

एवं तहसील कार्यालय पहुचकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नाले निर्माण कार्य में हुए भारी भ्रष्ट्राचार की जांच और कन्ट्रक्शन कम्पनी एवं ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड कर टैंडर निरस्त करने की मांग की। कांग्रेस पार्षद महेश थोटेकर ने आरोप लगाया कि शीतला माता चौक से गोतमा नदी तक लगभग 60 लाख की लगात से बनाया जा रहा निर्माणधीन नाला जो हल्की बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया। नगर परिषद भैंसदेही की देख-रेख में निर्माणधीन नाले के निर्माण कार्य मे गंभीर लापरवाही की गई। निर्माण कार्य मे घटिया किस्म की सामग्री उपयोग कर भारी भ्रष्टाचार किया गया, जिसका मेरे द्वारा सीएमओ को मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया गया लेकिन उस पर कोई ध्यान नही दिया गया। नाला निर्माण कार्य बगैर इंजीनियर की देखरेख में शारदा कन्ट्रक्शन द्वारा किया गया है। कांग्रेस पार्षदों ने मांग की कि घटिया नाला निर्माण करने वाले ठेकेदार को तत्काल ब्लेक लिस्ट किया जाये एवं नाले निर्माण में लिप्त अधिकारियो पर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर पार्षद महेश थोटेकर,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रानू ठाकुर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छत्रपाल, मोहित राठौर, शोएब विंध्यानी, गजानन अस्वार, प्रतीक प्रजापति, आरिफखान,दारा सिंह सलामे, देवेश आठवेकर, रवि वासनकर, रूपेश पाटनकर, श्रीराम चढ़ोकार, कालू, भरत राठौर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

गोवंश तस्करी पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

## 28 गोवंश बरामद, तीन आरोपी किए गिरफ्तार



**बैतूल।** जिले मे लगातार अवैध गोवंश की तस्करी को रोकने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा दिए जा रहे है जिसके तारतम्य मे गोवंश तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देशों का पालन करते हुए सांईखेड़ा थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर एवं थाना स्टाफ द्वारा गोवंश तस्करी कर रहे 3 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कर 28 नग गोवंश को गोशाला पारसडोह पहुंचाया। 27 जून को थाना पर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग गोवंश मवेशियों को भूखी प्यासी हालत में लकड़ी से मारते पीटते हुए एक दूसरे के गले को आपस में रस्सी से बाधंकर हकेलते हुए पैदल बिसनूर आठनेर तिराहा के पास ग्राम रावा के तरफ ले जा रहे है। सूचना तस्दीक हेतू थाना सांईखेड़ा थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर थाना स्टाफ के साथ मौके पर पंहुचे जहां 3 लोग गोवंश को गले से रस्सी बांधकर क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हुए कत्लखाना महाराष्ट्र तरफ ले जा रहे थे। जिन्हे रोक कर तीनो व्यक्तियों से अलग अलग पूछताछ करने पर अपना नाम बब्लू पिता कल्लू लोहार 25 साल ग्राम बम्होरी थाना सिलवानी जिला रायसेन, धनराज पिता रामप्रसाद राजपूत 35, गुलाब पिता रामप्रसाद राजपूत 38 दोनों लोहापीठा मोहल्ला बाड़ी थाना बाड़ी जिला रायसेन निवासी है। ये लोग गायों को कत्लखाना ले जाने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज का होना नही बताया तीनों आरोपियों से मौके पर 28 गोवंश जब्त कर गिरफ्तार किया गया है।

न्यू बैतूल स्कूल में प्रतियोगिता संपन्न

## कक्षा छठवीं से 12वीं तक छात्रों ने लिखे निबंध



**बैतूल।** शाला न्यू बैतूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साहित्य की प्रमुख विद्या निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर विषय, हाई स्कूल स्तर के लिए शिक्षा मे प्रौद्योगिकी का योगदान एवं हायर सेकंडरी वर्ग के लिए स्वच्छ भारत अभियान विषय रखा गया।

संस्था सचिव मोहित गर्ग ने बताया कि निबंध हमें बेहतर विचार संग्रह करने, उन्हें संरचित रूप में प्रस्तुत करने और अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का एक अद्वितीय तरीका प्रदान करता है। शाला प्राचार्य देवेंद्र ठाकुर ने कहा कि निबंध प्रतियोगिताए अन्वेषण के लिए एक ठोस समय रेखा और गुंजाइश प्रदान करती हैं।

जो तब मददगार हो सकती है जब आप कभी-कभी समय प्रबंधन के साथ संघर्ष करते हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता आपको अपनी संभावित रुचियों में से एक में थोड़ा और गहराई से खुदाई करने के लिए मजबूर करती है। यह आधे-अधूरे मन से पलटने से कहीं अधिक मनोरंजक है। प्रतियोगिता मे शालेय व्याख्याता, संदीप कौशिक, नवनीत साहू, अजय शुक्ला, अजय तिवारी, रमेश जोगी, असीम जोसफ, राकेश साबले का सराहनीय योगदान रहा।

# मंडी में गंदगी मिलने पर भड़के कलेक्टर कहा, मैडम के घर डालो सारा कचरा

## मंडी सचिव से बोले अपने इंस्पेक्टर को बेवकूफ बनाना, मुझे नहीं



**बैतूल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. सीएम यादव ने शुक्रवार को निर्देश दिए थे कि सभी कलेक्टर कृषि उपज मंडियों की व्यवस्थाओं पर भी नजर रखें। इसके कुछ घंटों बाद ही शनिवार को कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी कृषि उपज मंडी बडोरा पहुंच गए। यहां भारी अव्यवस्था देख कर उन्होंने मंडी सचिव को जमकर फटकार लगाई।

कलेक्टर सूर्यवंशी ने शनिवार को बडोरा मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे मंडी के शेडों में पहुंचे और व्यवस्था का मुआयना किया। सभी दूर उन्हें गंदगी का अंबार नजर आया। कुछ स्थानों पर हाल यह थे कि बदबू तक चल रही थी। इस पर उन्होंने मंडी सचिव से जवाब तलब किया। मंडी सचिव ने उन्हें बताया कि सफाई कराई जाती है और नाली का भी काम चल रहा है। वहीं मौके पर गंदगी का अंबार और कोई नाली का काम नहीं चलता देख कलेक्टर मंडी सचिव पर भड़क गए। उन्होंने साफ शब्दों में सचिव से कहा कि आप अपने इंस्पेक्टर को बेवकूफ बनाना, कलेक्टर को नहीं। मंडी परिसर में एक जगह तो इतना अधिक कचरा जमा था कि वह देख कर कलेक्टर सीधे बोल पड़े कि यह सारा कचरा मैडम के घर पर डाल कर आओ। उन्होंने मंडी सचिव के जवाब को बिलकुल नकारते हुए साफ कहा कि यदि सफाई होती रहती तो गंदगी का इतना अंबार नहीं लगा होता। उन्होंने मंडी सचिव को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि वे अगली बार आए तो मंडी में साफ-सफाई बेहतर नजर आना चाहिए और किसी तरह की कोई अव्यवस्था न मिले। यदि यही हाल रहा तो सस्पेंड कर दूंगा। किसानों को भी किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# स्वास्थ्य विभाग दंपतियों को परिवार नियोजन के लिए कर रहा है प्रेरित

## जनजागरूकता लाने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशों के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में विश्व जनसंख्या अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उइके ने बताया कि अभियान के अंतर्गत समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 27 जून से 10 जुलाई तक सामुदायिक जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के माध्यम से जनमानस में जागरूकता लाई जा रही है। डॉ. उईके ने बताया कि सामुदायिक जन जागरूकता के माध्यम से एएनएम, आशा कार्यकर्ता योग्य दंपतियों से संपर्क कर परिवार नियोजन से संबंधित संदेशों जिसमें शादी के उम्र देरी, दो बच्चों के जन्म में तीन वर्ष का अंतराल, प्रसव पश्चात तथा गर्भपात पश्चात परिवार नियोजन की सेवाएं, परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता एवं दो बच्चों के बाद नसबंदी हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

डॉ. उईके ने बताया कि जन जागरूकता के दौरान प्रेरित दंपतियों का चिन्हांकन कर चिन्हित दंपतियों को 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस से 11 अगस्त तक जनसंख्या स्थिरीकरण सेवाएं प्रदान की जायेंगी। समस्त हितग्राहियों को परिवार नियोजन के साधनों को हितग्राही को उनकी सुविधा अनुसार (वास्केट ऑफ च्वाइस) उपलब्ध कराये जायेंगे।

शासन द्वारा परिवार नियोजन के गर्भ निरोधक साधन कंडोम, ओरल पिल्स, गर्भनिरोधक गोली छाया, आपातकालीन गोली, लघुकालिक गर्भनिरोधक साधन एवं दीर्घकालिक गर्भ निरोधक साधन-आईयूसीडी एवं अंतरा इंजेक्शन नि-शुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे। स्थाई परिवार नियोजन के साधनों-पुरुष एवं महिला नसबंदी, प्रसव पश्चात नसबंदी निश्चित सेवा दिवसों में विकासखंडवार तैयार किये गये रोस्टर अनुसार निशुल्क प्रदाय की जायेगी।

## संगीता और उनकी बेटी पर जानलेवा हमला, शिकायत कोतवाली में की

बैतूल । संगीता सोलंकी और उनकी बेटी कविता पर जिला न्यायालय के सामने सड़क पर जानलेवा हमला हो गया । चक्कर रोड राजा भोज मार्ग निवासी पीड़ित मां और बेटी ने कोठीबाजार स्थित कोतवाली थाना में की है । लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं हुआ और न ही कोई कारवाई हुई। पीड़ित महिला संगीता सोलंकी के अनुसार वे अपनी बेटी कविता के साथ बैतूल कलेक्टर को इस आशय की सूचना देने गई थी कि उनके लिए पुनर्वास योजनांतर्गत शासन द्वारा सोनाघाटी में पट्टे पर भूमि आवंटित की है । लेकिन उनको दी गई भूमि में अन्य लोग पवन, रामकिशन, शाहरुख व कमल ने अतिक्रमण कर लिया। संगीता सोलंकी ने बताया कि उनके द्वारा जब उनकी जमीन पर अतिक्रमण लेने वाले लोगों को हटने को कहा तो वे विवाद और लड़ाई करने लग गए। इस आशय को लेकर कलेक्टर को पत्र के माध्यम से सूचना देकर लौट रही थी कि इसी बीच कब्जा किए लोगों ने हमला कर दिया। शिकायत पत्र के अनुसार संगीता सोलंकी से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे, जिसे देखकर उनके साथ चल रही उनकी बेटी कविता ने बीचबचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने उनकी बेटी को भी नही बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की। दूसरे दिन 27 जून को कोतवाली थाने में इस घटना की शिकायत की । घटना 26 जून की है परंतु अभी तक कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। शिकायत पत्र में संगीता ने कोतवाली पुलिस से आरोपियों के खिलाफ तुरंत अपराध दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार करे ।

### किसानों ने भोपाल पहुंचकर किया डांडिया नृत्य

**सीहोर।** किसानों की समस्याओं के समाधान होने पर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों गांव के किसानो ने भोपाल पहुंचकर उपमुख्यमंत्री राजन शुक्ला के बंगले पर डांडिया नृत्य किया। वल्लभवन पहुंचकर कई विभागों के प्रमुख सचिवों से भेट कर ग्रामीण जनता की समस्याओं से अवगत कराया गया। पानी की समस्याओं के निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता के.के. सोनगरिया का साफा बांधकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने कहा कि सीहोर जिले के अनेक गांव में नलकूप खनन कराये गए, जिनमें भरपूर पानी मिला।

जिले में चल रहा दस्तक अभियान

## छात्रों ने हाथ धुलाई का प्रदर्शन कर दिया स्वच्छता का संदेश





**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे दस्तक अभियान के माध्यम से शुक्रवार को स्वच्छता विषय पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों ने हाथ धुलाई का प्रदर्शन कर जनमानस को स्वच्छता का संदेश दिया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उइके ने बताया कि दस्तक अभियान के अंतर्गत स्वच्छता विषय पर 28 जून को प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन, पीने के पानी को स्वच्छ रखने के उपायों पर चर्चा, स्वच्छ खानपान पर चर्चा, शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देना इत्यादि गतिविधियां एएनएम, आशा कार्यकर्ता द्वारा की गई। डॉ.उईके ने बताया कि खाना-खाने से पहले और बाद में शौचालय का उपयोग करने के बाद, खांसनेध्छींकने या नाक साफ करने, कचरा फेंकने, पशु को छूने या उनकी सफाई करने के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोना चाहिये। अभियान के दौरान एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर भ्रमण कर जन्म से 5 वर्ष के बच्चों की स्वास्थ्य जांच, बीमारियों की पहचान एवं उचित उपचार व प्रबंधन निरंतर 27 अगस्त तक जारी रहेगा।

### जिले में शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को किया जा रहा प्रोत्साहित

# नए सत्र के साथ जिले के स्कूलों में शुरू हुई नई शैक्षणिक गतिविधियां

शिक्षा विभाग द्वारा इस सत्र में विद्यार्थियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से नई नई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलेभर में शिक्षा अधिकारियों ने स्कूलों में पहुंचकर प्रवेशोत्सव कार्यक्रमों में बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रेरित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा जून माह में प्रवेश उत्सव सहित विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया है कि जिले के 158 हाई, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में जून माह में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, वृक्षारोपण कार्यक्रम, योग दिवस, पीएम श्री स्कूलों का संचालन, सीएम राइज स्कूलों का संचालन, निरीक्षण एवं प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आदि का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित 3 छात्रावासों का निरीक्षण कर नव प्रवेशी छात्राओं के प्रवेश सुनिश्चित करने हेतु छात्रावास प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई।

इसके अलावा गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण भी संभागीय स्तर पर आयोजित किया गया। पीएमश्री स्कूल योजना अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जिले में संचालित 13 पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्यों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण शासन के निर्देशों के अनुसार सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण राज्य से प्रशिक्षित शिक्षक हेमंत सोनी एवं नरेंद्र तंतुवाय ने प्रदान किया। प्रशिक्षण में सभी प्राचार्यों को आगामी शिक्षा सत्र में पीएमश्री विद्यालय का संचालन किस प्रकार करना है, बताया गया। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिले के चयनित विद्यालयों में गुणवत्ता एवं पूर्ण संसाधन युक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु संचालित की गई है जिसके अंतर्गत विद्यालयों को आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल सामग्री, अतिरिक्त कक्ष छोटे बच्चों के लिए झूले, संगीत सामग्री आदि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि आगामी दिवसों में प्राचार्यों को देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी, आईआईएम आदि में भी प्रशिक्षण प्रदान कर क्षमतावान बनाया जाएगा। सभी प्राचार्यों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये गये एवं प्रशिक्षण पुस्तिका प्रदान की गई। राज्य में इन विद्यालयों में शिक्षकों की सौ प्रतिशत उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रशिक्षण मे जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय प्रताप सिंह बिसेन, एडीपीसी राजेश गुप्ता एवं एपीसी विनोद तिवारी ने भी सहभागिता करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।

#### एडीपीसी ने किया पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण

लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार एडीपीसी राजेश गुप्ता ने सिवनी मालवा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चतरखेडा, शासकीय पीएम श्री माध्यमिक शाला बाबरी का निरीक्षण किया। शासकीय पीएम श्री माध्यमिक शाला बाबरी में शिक्षक संवर्धन प्रशिक्षण मे भी उपस्थित हुए, उपस्थिति के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की समीक्षा की। साथ ही सभी शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन दिए, उसके पश्चात पीएम श्री विद्यालय के द्वारा अभी तक जो कार्य किए गए हैं, उनका गहन निरीक्षण किया। इसमें बच्चों के द्वारा उन्होंने अभी तक पीएम श्री स्कूल में क्या-क्या सीखा इसके बारे में भी पूछा गया, कंप्यूटर कैसे चलाते है विद्यालय में पढ़ाई का स्तर कैसा है का आकलन किया, साथ ही बाल वाटिका के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जा रहा है उन्होंने निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इसी के साथ आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता युक्त होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य चतरखेड़ा वंदना मिश्रा, हाई स्कूल प्राचार्य रुचि गौर, पीएम श्री प्रधान पाठक सुरेंद्र पटेल, एसआर तेकाम, संध्या यदुवंशी, रेखा केवट आदि शिक्षक उपस्थित थे।

#### स्कूल चलें हम अभियान

जिले के समस्त विद्यालय छात्रो के लिए 18 जून से प्रारंभ कर दिये गये है। विद्यालय प्रारंभ करने के पूर्व सभी प्राचार्यो को स्कूल की मरम्मत साफ-सफाई फर्नीचर की उपलब्धता एवं शौचालय आदि की स्वच्छता के निर्देश प्रसारित किये गये तथा इन्हें सुनिश्चित करने हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया । इसके साथ ही सभी प्राचार्यो को उनके विद्यालय की भूमि के अभिलेख प्राप्त करने एवं भूमि का नामांतरण शाला के नाम करने के भी निर्देश दिए हैं ।

#### स्कूल शिक्षा मंत्री के अभिभावकों के लिए संदेश की पाती

स्कूल शिक्षा मंत्री की अभिभावको के लिए संदेश की पाती को प्रवेश उत्सव एवं स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए उपलब्ध कराने के लिए समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम के रमसा कक्ष से वितरण की गई।

#### शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण

जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं -10वीं में अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयो का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का संभाग स्तरीय सेवा कालीन आवासीय प्रशिक्षण शा. उत्कृष्ट उमावि. नर्मदापुरम मे आयोजित किया जा रहा है इसमे शिक्षकों द्वारा उत्साह पूर्वक सहभागिता की जा रही है।

#### शिक्षा मंत्री द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा

शिक्षा मंत्री द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई इस बैठक मे जिले के सभी विधायकों के साथ कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की।

#### विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम नर्मदापुरम नगर के समस्त स्कूलों के छात्रों एवं इको क्लब प्रभारी और सभी स्कूल से आये प्राचार्य, जिला मास्टर इको क्लब के महेश विश्वकर्मा, जिला नोडल संदीपन निखर, विनोद तिवारी, राजेश शर्मा, हरवीर गौर, अरविंद तिवारी, जुमेराती प्राचार्य कीर्ति शिवपुरिया और सभी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सदस्य गण के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को जिला मास्टर ट्रेनर द्वारा पर्यावरण का महत्व बताया गया एवं शपथ दिलाई गई।

#### भवन निर्माण का किया निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समग्र शिक्षा अभियान के एपीसी विनोद तिवारी के द्वारा सीएम राइज विद्यालय माखन नगर एवं सोहागपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के साथ ही इन विद्यालयों के प्राचार्य एवं सीएम राइज विद्यालय परिवहन समिति के सदस्यो के साथ बैठक आयोजित की गई तथा प्राचार्यो को नवीन प्रवेश संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## वृद्ध को नहर में धक्का देकर हत्या करने वाले दोषी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

द्वितीय जिला न्यायाधीश ललित कुमार झा द्वारा थाना पथरोटा के शासन द्वारा चिन्हित एवं सनसनीखेज अपराध के आरोपी राजेश उर्फ मंझले चौरे पिता कंछेदी चौरे, निवासी मेहरा गांव को हीरालाल चौरे पिता तातूराम चौरे, निवासी मेहरा गांव की नहर में धकेलकर हत्या के आरोप में आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक 27 अप्रैल 2022 की रात में फरियादी उमेश चौरे के पिता हीरालाल चौरे के पास राजेश उर्फ मंझले चोरे का फोन आया तथा उसी रात को करीब 2 बजे राजेश और उसका साथी राजकुमार बरखने मोटरसाइकिल से घर आये और पेरालेसिस से ग्रस्त 62 वर्षीय हीरालाल को पडिहार के पास ईलाज के लिये चलने के लिये कहने लगे तथा राजेश ने हीरालाल की मोटरसायकल पर उसे पीछे बिठाकर और राजकुमार बरखने ने उमेश को पीछे बैठाकर इटारसी पेट्रोल पंप लेकर गये वहां से ग्वालबाबा गोंचीतरोंदा होते हुए बड़ी नहर ले जाकर राजेश ने हीरालाल को मोटरसाइकिल सहित बड़ी नहर में जान से मारने की नियत से नहर में धक्का दे दिया फिर उमेश को भी जान से मारने की नियत से राजेश और राजकुमार बरखने दोनों ने पकड़कर नहर में धक्का दे दिया। जिससे हीरालाल की नहर में डूबने से मृत्यु हो गयी तथा उमेश पानी के बहाव में छोटी शाखा में आ गया तथा वह कुछ दूरी पर जाकर छोटी शाखा से जीवित बाहर आ गया । थाना पथरोटा द्वारा अपराध दर्ज कर जांच उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय में अभियोजन द्वारा चश्मदीद साक्षी उमेश चौरे एवं अन्य साक्षियो का परीक्षण न्यायालय में कराया गया। इन साक्षियों की साक्ष्य पर विश्वास करते हुए द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ललित कुमार झा द्वारा अभियुक्त राजेश उर्फ मंझले को धारा 302 भादवि अंतर्गत दोषी पाते हुये आजीवन कारावास से दंडित किया तथा अन्य अभियुक्त राजकुमार बरखने को दोषमुक्त किया। प्रकरण की शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी इटारसी एचएस यादव द्वारा की गई।

### नहर किनारे सड़क और पुल पर गड्ढे बन सकते हैं दुर्घटना का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी से धर्मकुंडी मार्ग पर नहर के पास का हिस्सा वर्षों से बनने की राह देख रहा है। इस मार्ग को बनते-बनते वर्षों हो गये, लेकिन नहर के दोनों तरफ दो बड़े हिस्से ऐसे ही छोड़ दिये गये हैं, अब इन हिस्सों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। बारिश के दौरान ये गड्ढे और बढ़े हो जाएंगे। ग्राम जमानी निवासी स्कूल संचालक डॉ. सुभाष दुबे कहते हैं कि ये गड्ढे किसी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकते हैं। पीपलढाना मुख्य नहर पर बारिश के शुरुआत में ही नहर के पुल के किनारे पर गड्ढा के साथ ही साथ पुल पर भी गड्ढे हो गये हैं, जो जानलेवा हो सकते हैं। यहां पर दोपहिया वाहनों का गिरना और चार पहिया छोटे वाहन नीचे से टकरा रहे हैं, जिससे कोई जानलेवा दुर्घटना की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से इस ओर ध्यान देकर सुधार की मांग के साथ आम वाहन चालकों से भी निवेदन किया है कि वे संभल कर चलें।

## वैवाहिक वर्षगांठ पर विधायक ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं उनकी धर्मपत्नी ममता नागवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या ठाकुर की एक ही दिन वैवाहिक वर्षगांठ पड़ने पर जगह-जगह महोत्सव मनाया गया इसीदौरान दोनोंपरिवार जनोंके द्वारा नगर पालिका परिषद के गार्डन में वृक्षारोपण किया गया महिलामोर्चा युवा मोर्चा जिला सहित नगर ग्रामीण क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल सहित पूर्व सांसद प्रतिनिधि अरविंद राय एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सहित नगर पालिकाके सभी पार्षद उपाध्यक्ष संतोष परते एवं सभी कार्यकर्ताओं ने बड़ेही जोर नगर मंडल अध्यक्ष एवं विधायक को परिवार सहित अनंतशुभकामना एवं पुष्प माला के साथ उनकास्वागत सम्मान किया गया उसके पश्चात सभीके सामूहिक रूप सेवृक्षर रोपण कराकरवैवाहिक कोईके ऐतिहासिक पहचान दी गई है वृक्षारोपण करनेसे पहचान रहेगी यह वृक्ष वैवाहिक वर्षगांठ पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्थापित किया गया था। सुबहसे ही दोनोंपरिवार बधाई एवं शुभकामना देने वालों कका तांतालगा रहा।

## खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए खेतों में फसल के साथ-साथ सब्जी लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायत खरवा के अधीनस्थ गुरारी ग्राममें पंजाबके बड़ेकिसान एवंकिसान संघ के जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष पवन वालिया के द्वारा खेती की जा रही है जिसमें उनके पुत्र अंकित वालिया ने बताया कि फसल के साथ-साथ सब्जी भी लगाना चाहिए सब्जी लाभ का धंधा है यह बात सहीहै कि लागतभी अधिक होती लेकिनफिर भी सब्जीका व्यवसाय करनेसे किस को आवक बनी रहती है तथा किसानको चाहिए फसल के साथ-साथ सब्जी का भी रोपण करें अच्छे तरीके से सब्जी करने पर किस को लागत के अलावा लाभभी प्राप्तहोता है। अंकितने उनके द्वारा 12 एकड़ जमीन में टमाटर एवं गिलकी लगाए गए हैं जिसमें उन्होंने बताया कि 12 एकड़ में लगभग 10 लाखरुपए उन्होंने लागत आती है लेकिन वर्तमान में सब्जी के रेट तेजहोने के किस को आवकभी अच्छी होती है लागत के अलावा लाभ भी प्राप्तहोता है। इसलिए उन्होंनेकिसानों से अपील की है की खेतीको लाभका धंधा बने फसल के साथ-साथ सब्जीभी लगावे सब्जी की उपज से किस को काफी लाभ होता है जितनी लागत होती है उसे कुछ गुनाह तो लाभ प्राप्तहोता है। जिससे किसान निजी लगत न लगाकर इस फसलकी लागत से दूसरी फसल को तैयार कर सकता है इसलिए किसान को मौसम के अनुसार सब्जीका व्यव व्यवसाय भी करना चाहिए उन्होंने बताया कि नर्मदा पुरम जिलेके संसदीयक्षेत्र में सब्जी भेजीजाती है उनके द्वारा विशेष रूप से टमाटर गिलकी कद्दू कड़ी आदि की ज्यादा उपज की जाती है और जिसकीसप्ला भी अच्छी होती है जिसके कारण किसानों को यहउपयोग क्योंकि सब्जी के व्यवसाय से कईलोगों को कामभी मिलता है। लगभग 50 मजदूर को कम मिलता है और वह उपज भी अच्छी होती है जिससे सभी खर्च निकालने के बाद भी यदि सब्जी के अच्छे रेट रहते हैं तो साल पर फसल से अच्छी कमाई कर सकताहै। इसतरह से उन्होंने खेती को लाभ का धंधा बताया।

## गाय को बचाने के प्रयास में टकराए कार और ऑटो



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रोड पर एक गाय को बचाने के प्रयास में आर्डनेंस फैक्ट्री रोड पर एक कार और लोडिंग आटो में टक्कर हो गयी।

घटना में तीन लोगों को मामूली चोट आयी हैं। घटना आयुध निर्माणी सड़क एमईएस गेट के सामने हुई है जहां एक गाय को बचाने के प्रयास में कार और ऑटो टकराये। इस घटना में लोडिंग ऑटो में सवार तीन लोग घायल है गये।

कार चालक को मामूली चोट आई है। कार सवार महेंद्र चौधरी आयुध निर्माणी में चार्ज मेन हैं जो कार में पेट्रोल भरवाकर वापस आयुध निर्माणी जा रहे थे। ऑटो में सवार घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

## ईसीसी चुनाव में संघ व एससी-एसटी एसोसिएशन गठबंधन के 5 उम्मीदवार जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रेलवे की ईसीसी सोसायटी के चुनाव में पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ और एससी-एसटी एसोसिएशन गठबंधन के पांच उम्मीदवारों ने जीत हासिल की जबकि प्रमुख विपक्षी संगठन वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के केवल तीन स्थान ही मिले। चुनाव में इटारसी क्षेत्र से वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन, वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ और पश्चिम मध्य रेल कर्मचारी परिषद के उम्मीदवार थे। तीनों ही संगठनों ने यहां से 8-8 उम्मीदवारों को उतारा था। परिणाम में मजदूस संघ को खासी बढ़त मिली है। गठबंधन ने इस बार वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन को पीछे छोड़ दिया है। संघ के 8 उम्मीदवारों में से 2 ने और एससीएसटी एसोसिएशन के 8 में से 3 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। यूनियन के 3 ही उम्मीदवार जीत सके हैं। 85 फीसद से अधिक मतदान रेलवे की ईसीसी सोसाइटी के चुनाव में इटारसी क्षेत्र से कुल 2906 रेलकर्मी मतदाताओं में से 2487 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इटारसी और बानापुरा में कुल 85.58 फीसदी मतदान हुआ था। मतदान के दूसरे दिन मतगणना के बाद जो रिजल्ट आया उसने संघ और एससी-एसटी गठबंधन को काफी आगे ले गया। यूनियन की ओर से चुनाव मैदान में विजेता बने रामस्वरूप महतो को 1202, अनुभव पाल को 1098 और मनोज रैकवार को 1075 मत मिले। वहीं संघ व एससीएटी एसोसिएशन गठबंधन में संघ के वीरेंद्र बड़ोदिया को 1004 व अभय उदगीरकर को 1063 मत मिले। वहीं एसोसिएशन के बबलू सिंह मीना को 1056, अजय डागोरिया को 1098 और दीपक वर्मा को 1004 मत मिले।

## जलसंसाधन विभाग के कर्मचारी, शूटिंग बाल खिलाड़ी रफीक खान सेवा निवृत हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



तवा नगर के मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोट्र्स क्लब के तवा परियोजना अध्यक्ष एवं शूटिंग बॉल के खिलाड़ी रफीक खान अमीन के पद से सेवानिवृत हुए।

क्लब की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा पुरम बशारत खान ने तवा बांध का छायाचित्र भेंट कर उनका सम्मान किया। सेवानिवृत्ति का प्रमाण पत्र अनुभागीय अधिकारी एनके सूर्यवंशी ने प्रदान किया। इस अवसर पर आरके सोनारे, मनोज बाघमारे, वफात खान, देवेंद्र शर्मा, उमेश शर्मा, मूर्ति सूरसिंह, चंपालाल, बसु साहू उप यंत्री सहित परिजन ईस्ट मित्रों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## गोल्ड लोन शाखा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



महेश्वरी भवन के पास स्थित सातल निवास पर मुथूट मनी गोल्ड फाइनेंस बैंक का शुभारंभ शनिवार को हुआ, इस अवसर पर मुथूट मनी के रीजनल मैनेजर एवं बल्लभ दास सातल ने फीता काट कर बैंक शाखा का शुभारंभ किया, शुभारंभ के अवसर पर टीकम दास सातल, घनश्याम दास डांगरा बैंक स्टाफ एवं नागरिक मौजूद रहे।

### शिक्षिका पुष्पा सोनी सेवानिवृत्त, शाला परिवार ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय प्राथमिक शाला देशबंधु में सेवारत शिक्षिका पुष्पा सोनी शिक्षकीय सेवाकाल की 41 वर्ष 4 माह 6 दिवस की शासकीय सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत हुईं। इस अवसर पर शाला परिवार ने गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में जन शिक्षा केंद्र प्राचार्य सतीश खल्को एवं अतिथियों के रूप में सेवानिवृत्ति शिक्षक राजकुमार दुबे, लेखापाल हरीश पटेल, लिपिक श्याम दुबे, रेल्वे सेवा निवृत्त विनोद सोनी मंचासीन हुए। संबोधित करते हुए प्राचार्य खल्को ने पुष्पा सोनी के सेवा काल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखमय में जीवन की कामना की। राजकुमार दुबे, हरीश पटेल, रामभरोस यादव, सौम्या सोनी, समीक्षा जैन ने भी संबोधित किया।

### मंगलवार, 2 जुलाई को उर्मिला लेंगी शुभम संग सात फेरे

इटारसी। इन दिनों मीडिया में सेलिब्रिटीज की शादियों के चर्चे हैं। अनंत अंबानी और सोनाक्षी सिन्हा की शादियों की चर्चाओं से अखबारों में खबरें प्रमुखता से आ रही हैं। लेकिन, इटारसी में 2 जुलाई को एक ऐसी शादी होने वाली है जो गुमनामी के अंधेरे से निकलकर जीवन में प्रकाश लाने का एक छोटा सा लेकिन अनुकरणीय प्रयास है। करीब 8 वर्ष की एक बच्ची, जिसे अपने जैविक माता-पिता के विषय में जानकारी नहीं है, मुस्कान संस्था में पली-बढ़ी-पढ़ी और अब बालिग हो गयी है। जैविक माता-पिता न सही, पालक परिजन बनकर पार्षद एवं सभापति अमृता और मनीष सिंह ठाकुर उसके हाथ पीले कर रहे हैं। उर्मिला, जिसे प्यार का नाम दिया है सिया। उसका जीवन साथी भोपाल में मिला, शुभम सिंह राठौर। 2 जुलाई को समाज को साक्षी बनाकर इन दोनों का विवाह वृंदावन गार्डन में दोपहर 12:30 से 3 बजे के मध्य संपन्न होगा। पिछले दिनों विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा, एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान और टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने सगाई के वक्त वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया था। मुस्कान संस्था की यह लाड़ली बेटी अब अपने घर चली जाएगी और इसके लिए संस्था के विक्रम सिंह, बालिका गृह की अधीक्षक ऋतु राजपूत, शक्ति सदन महिला गृह की अधीक्षक विशाखा अंजीकर, पूजा गौर विवाह की तैयारी में जोर-शोर से लगे हैं। उर्मिला और शुभम के नव जीवन में प्रवेश के क्षणों को गायत्री परिवार मंत्रोच्चार से सुखद बनायेगा और आशीर्वाद देने और इनके जीवन के इस महत्वपूर्ण क्षणों के साक्षी बनने शहर को आमंत्रित किया है।

### अब नगर पालिका परिषद की बैठक में बनेगी सहमति

# पीआईसी की बैठक में 35 विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




जहां एक तरफ भाजपा की राज्य सरकार कैबिनेट में हुए फैसलो के बारे में मीडिया के सामने विस्तार से अपनी बात रखती है तो वही नगर पालिका में मीडिया से दूरी बनाई जा रही है।

ना तो मीडिया को बैठकों की सूचना दी जाती है ना ही बैठकों में हुए निर्णयों की ब्रीफिंग की जाती है। इससे यह चर्चाएं जोर पकड़ती है कि नगरपालिका विकास कार्यो के कथित मुद्दों की सार्वजनिक चर्चा से बचने की कोशिश कर रही है। हालांकि होना यह चाहिए कि बैठकों के बाद मीडिया को विषयों की की कॉपी के साथ उनकी विस्तारपूर्वक जानकारी दे, जिससे नगर की जनता तक नपा के कार्यो की स्थिति स्पष्ट हो सके। हालांकि नगर पालिका इन दिनों नियमों का हवाला देते हुए कई चीजों से बचती नजर आ रही है। ना जाने नगर पालिका का कौन सा डर है कि मीडिया के सामने एजेंडा की कॉपी सार्वजनिक करने से नगर पालिका बचती रही। साथ ही 3 घंटे चली औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा के बाद जब मीडिया के सामने आने की बात आई तो सीएमओ सहित कुछ सभापति बैठक से बाहर निकल गए। बेहतर होता कि बैठक में लिए गए फैसले या चर्चा पर मीडिया के सामने अपना पक्ष बेहतर तरीके से रखा जा सकता था। हालांकि नपाध्यक्ष रितेश जैन ने 35 विषयों में से मात्र 3-4 विषयों को मीडिया के सामने रखा। बैठक में सीएमओ शीतल भलावी, नपाध्यक्ष रितेश जैन, सभापति दीपक बाथव, अखिलेश चौकसे, प्रीति शुक्ला, सरिता अग्रवाल, किरण बाथव, ईश्वर दास जमींदार, दुर्गेश उईके शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन 1 जुलाई को

**खंडवा।** प्रदेश भर में नर्सिंग एवं पेपर लीक घोटालों के विरोध में 1 जुलाई को कांग्रेस द्वारा जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर इस कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के पुतलों का दहन किया जाएगा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि शिक्षा माफियाओं द्वारा युवाओं के भविष्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ के खिलाफ यह प्रदर्शन होगा। जिला प्रभारी कैलाश कुंडल के नेतृत्व में प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जाएगा, जहां चिकित्सा शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का निवेदन किया है।

### 24 घंटों में जिले में 1.7 मिमी औसत बारिश

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 1.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0 मिमी, टिमरनी में 0 मिमी, खिरकिया में 7.4 मिमी, रहटगांव में 0 मिमी व सिराली में 1.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 98.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 158.6 मिमी, टिमरनी में 57.8 मिमी, खिरकिया में 47.4 मिमी, रहटगांव में 139.4 मिमी व सिराली में 91 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 29 जून तक 109.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी।

### लायंस क्लब ने किया कर्तव्य सेवा सम्मान समारोह

**खंडवा।** लायन्स क्लब खण्डवा ने गुरुवार को अपने सेवा वर्ष 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट सेवा देने वाले सेवाभावियों का सम्मान करने के लिए कर्तव्य 2024 सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह का आयोजन लायन्स भवन में अध्यक्ष राजीव मालवीय, सचिव घनश्याम वाधवा और कोषाध्यक्ष मधुबाला शेलार के नेतृत्व में हुआ। लायन्स क्लब खंडवा और लियो क्लब ने अनेक सर्वश्रेष्ठ अवार्ड प्राप्त किए, जिनमें अध्यक्ष अर्पित बाहेती, सचिव अभिषु शर्मा और कोषाध्यक्ष सुमित परिहार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य अतिथि साधना सोडानी ने सेवा कार्यों की प्रशंसा की।

### परिजनों ने पुलिस पर लगाए आरोप, एसपी ने तीन पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

# खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद, एक घायल की थाने में तबीयत बिगड़ने के बाद मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

गुरुवार की रात जावर थाने के तहत ग्राम कान्याखेड़ी में जमीन विवाद को लेकर एक ही समाज के लोगों में जमकर लठ्ठ चले और मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट नहीं लिखे जाने का जावर थाने का वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने एक उपनिरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक को निलंबित कर दिया है। झगड़े की रिपोर्ट करने आए एक व्यक्ति की तबीयत थाने में ही खराब होने के बाद अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मौत के कारणों की पुष्टि पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगी। जानकारी के अनुसार आष्टा जनपद पंचायत में आने वाली कल्याणपुरा ग्राम पंचायत के कान्याखेड़ी गांव में खेत की मेढ़ पर रखने को लेकर विवाद हो गया।



जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने भीड़ गए। इसमें एक परिवार के एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि गांव में रहने वाले सौभाल सिंह ठाकुर ,लखन सिंह, विजेंद्र सिंह का विवाद चेतन सिंह बलवान सिंह अर्जुन सिंह से हो गया। लाठी डंडों से हुई मारपीट में बलवान सिंह और अर्जुन सिंह को घायल हो गए । इसके बाद यह जावर थाने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पहुंचे थे। जहां उनकी काफी देर तक सुनवाई नहीं हुई। तभी झगड़े की रिपोर्ट करने आए बलवान की थाने में ही तबीयत खराब हो गई। अस्पताल ले लाने के बाद बलवान सिंह की मौत हो गई थी। परिजन जावर थाने के पुलिस कर्मियों पर धक्का मुक्की का लगाया आरोप लगाया है। एसडीओपी आकाश अमलकर ने तीन पुलिस कर्मियों के निलंबन की पुष्टि की है।

**परिजनों का आरोप पीट पीट कर हत्या कर दी :** परिजनों का आरोप है की बलवान सिंह की पीट-पीटकर हत्या की गई । अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है की मौत कैसे हुई । पुलिस ने शव का पीएम कराया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

#### एसपी ने एसआई और दो आरक्षकों को किया निलंबित

एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया है कि जावर थाने के ग्राम कन्याखेड़ी में दो पक्षों में जमीन विवाद हुआ था। जिसमें कुछ घायल भी हुए और थाने आए थे। शिकायत के बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। इस आरोप के बाद सीहोर एसपी मयंक अवस्थी ने जावर थाने के एसआई अनिल डोडियार, प्रधान आरक्षक भरत राम और आरक्षक अर्जुन को निलंबित कर दिया है।

#### सात लोगों पर मामला दर्ज

अर्जुन सिंह पिता मोहन सिंह निवासी कान्याखेड़ी की रिपोर्ट पर लाखन सिंह पिता प्रहलाद सिंह, रामसिंह सेंधव पिता प्रहलाद सिंह, सोबाल सिंह पिता प्रहलाद सिंह, विजेंद्र सिंह पिता प्रहलाद सिंह,पिन्टु सेंधव पिता सोबाल सिंह, गोपाल सिंह पिता सोबाल सिंह, अरविंद सिंह पिता लाखन सिंह सेंधव पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ है।

### हृदय अभियान के तहत हुई बैठक

# समग्र आईडी नहीं बनने पर एसडीएम हुए नाराज



**हरदा।** हृदय अभियान के तहत शनिवार को स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक जनपद पंचायत हरदा के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी कुमार शानु देवड़यि ने कहा कि अभियान के तहत 18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण का विशेष ध्यान रखा गया है, वहीं गर्भवती, धात्री महिलाओं को भी शामिल किया गया है। अभियान के तहत योजना का लाभ लेने से वंचित लोगों पर विशेष ध्यान देकर उन्हे सरकारी योजना से जोड़ा जा रहा है।

बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने सर्वेक्षण का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा अब तक विकासखंड के 17 गांवों में 1774 घरों तक दस्तक दे दी है, जल्द ही शेष 309 परिवारों का सर्वे पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम ने प्रसूति सहायता योजना की लाभार्थी सभी गर्भवती महिलाओं के समग्र आईडी तैयार करने के निर्देश दिये। सर्वे अनुसार ग्राम पंचायत करणपुरा की दस गर्भवती महिलाओं के समग्र आईडी नहीं होने की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने नारजगी व्यक्त करते हुए तीन दिवस के अंदर सभी के समग्र आईडी बनाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने हृदय अभियान के उद्देश्य के बारे में बताया वहीं प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलजा महाजन ने ग्रामवार सर्वे विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक में शिक्षा विभाग की जानकारी बीआरसी नारायण नायरे ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि चयनित 17 ग्रामों में 344 बच्चे ऐसे हैं जो किसी स्कूल में नही पढ़ रहे हैं, इन सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए इन्हे शिक्षा से जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कुपोषित बच्चों की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में उपस्थित जनपद सीईओ चेतना पाटिल ने सभी पंचायत सचिवों को विवाह के बाद ससुराल आई सभी महिलाओं के समग्र आईडी प्राथमिता से बनाने के निर्देश दिये।

# सांसद की फटकार के बाद सात दिन में भरे जाएंगे इंदौर-इच्छापुर हाईवे के गड्ढे

### महापौर, अफसरों के साथ निकले जांच करने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

खंडवा लोकसभा क्षेत्र से सांसद ज्ञानेश्वर पाटील लोकसभा के शीतकालीन सत्र के अवकाश होने पर अपने क्षेत्र के भ्रमण पर रहते हुए शनवारा से शिकारपुरा मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में होने पर उन्होंने तत्काल एनएचआई खंडवा की टीम, आयुक्त नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ शिकारपुरा से लेकर शनिवारा गेट तक मोटर साइकिल, पैदल चलकर जर्जर सड़कों का मुआयना किया।

इस अवसर पर सांसद ने एनएचआई और नगर निगम कमिश्नर की टीम को फटकार लगाते हुए कहा कि आप दोनों एक दूसरे के उपर काम ना ढोलते हुए इन मार्गो की अवस्था कैसे सुधरे इस पर अधिक ध्यान दें तो अच्छा रहेगा। मुझे शनवारा से शिकारपुरा तक मार्ग की सुधार की सात दिनों के अन्दर जानकारी दे ताकि 6 जुलाई को दोबारा इस मार्ग का निरीक्षण किया जाए।

#### सांसद बोले- कठिनाई भरा हो गया मार्ग

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा मार्ग इतना कठिनाई भरा हो गया है कि इस पर पैदल चलना दूभर हो गया है। रोजाना पैदल चलने वाले दो पहिया वाहन खासकर स्कूटी चलाने वाली महिलाओं की गाड़ी फिसलने से गिरने की घटनाएं सामने आ रही है। मार्ग पर जगह.जगह पर जमा हुए पानी की निकासी की उचित व्यवस्था का भी आपको ध्यान रखना है। सांसद ने निमाड़ हॉस्पिटल के सामने वाली पुलिया का अधिक समय तक निरीक्षण करते हुए नगर निगम इंजीनियर टीम, खंडवा से आई एनएचआई टीम को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर खंडवा से आई टीम के टीम लीडर अशोक कुमार उपाध्याय, रितुल श्रीवास्तव, किशोर कुमार, आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, इंजीनियर प्रेम साहु, गोपाल महाजन आदि के साथ जनप्रतिनिधियों में महापौर माधुरी पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, आदित्य प्रजापति, पंकज नाटानी, किशोर शाह, फेडरेशन के जयंती नवलखे, दिनकर पाटील, निगम पार्षद महेन्द्र इंगले, धनराज महाजन, भरत भुजडे, भरत इंगले, राजेश महाजन, अश्विन मार्केंडे आदि के साथ भाजपाई उपस्थित थे।

### पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट पीड़ितों को हितलाभ वितरण किया




**हरदा।** शुक्रवार शाम को आईटीआई कॉलेज हरदा में पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट में प्रभावितों को पी.एम. स्वनिधि एवं स्वरोजगार योजना के तहत हितलाभ वितरण किया गया। हितलाभ वितरण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, एसडीएम कुमार शानु देवड़िया, तहसीलदार लवीना घाघरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार भी उपस्थित थे। शिविर में 18 हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत 10-10 हजार रूपये का ऋण प्रदान किया गया एवं स्वरोजगार योजना में 2 ऋण प्रकरण स्वीकृत किये गये।

# सगे भाई ने अपने ही भाई की हत्या कर हो गया फरार, 24 घंटे में हुआ गिरफ्तार

सगे भाइयों में ट्रैक्टर से खेत बखरने को लेकर विवाद हो गया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा के पिपलोद थानांतर्गत गुरुवार को करीब 8:30 बजे रात दो सगे भाइयों में ट्रैक्टर से खेत बखरने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान बड़े भाई मोजीलाल पिता सरपट बारेला, निवासी ग्राम डेहरिया ने अपने छोटे भाई सलीम पिता सरपट बारेला को गुस्से में आकर पत्थर फोड़ने के घन से बाएं तरफ पसलियों में मार दिया।

इस हमले से छोटे भाई सलीम उम्र 24 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। फरियादी प्रमिलाबाई, पति सलीम (उम्र 21 वर्ष), निवासी ग्राम डेहरिया की रिपोर्ट पर थाना पिपलोद में मामला कायम कर जांच में लिया गया। आरोपी मोजीलाल पिता सरपट बारेला घटना के बाद से फरार हो गया था। आरोपी मोजीलाल थाना पिपलोद का निगरानी बदमाश है, उसके विरुद्ध थाने में अन्य अपराध भी पंजीबद्ध हैं।



उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। फरार आरोपी मोजीलाल पिता सरपट बारेला को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर खंडवा व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी थाना पिपलोद निरीक्षक सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी मोजीलाल को पकड़ने का लगातार प्रयास जारी रखा तथा आरोपी के संभावित स्थानों पर लगातार दबिश देकर घटना के 24 घंटे के अंदर फरार आरोपी मोजीलाल पिता सरपट बारेला जिसकी उम्र 28 वर्ष को शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शनिवार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर जिला जेल में भेज दिया।

### पशुओं का टीकाकरण कार्य जारी

*हरदा। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं में पीपीआर एवं एफएमडी टीकाकरण कार्य निरंतर किया जा रहा है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार तक बकरियों में 26105 पीपीआर एवं गो-भैंस वंशीय पशुओं को टीके लगाए जा चुके है। जिले के सभी डॉक्टर, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं मैत्री-गोसेवकों द्वारा टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर सभी पशुओं का रजिस्ट्रेशन कर टीकाकरण किया जा रहा है।*

# खेत में ट्रैक्टर के टायर में आए गंभीर घायल युवक की मौत



**खंडवा।** खेत में बुआई के दौरान अचानक हुए दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामला मूंदी थानांतर्गत का है । हादसे में दम तोड़ने से पहले युवक को खंडवा सरकारी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उनकी मौत हो गई। युवक का नाम तोसिफ खत्री (22) वर्ष निवासी मूंदी, घटना के अनुसार, तोसिफ खत्री खेत में बुआई के दौरान जब वे खेत में अचानक ट्रैक्टर के बड़े पहिए की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।उनके परिवार वाले उन्हें तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल में ले गए, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई गई और ज्यादा खून बह जाने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन खंडवा पहुंचते ही तोसिफ की मृत्यु हो गई, जिसे अस्पताल के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बता दे की तोसिफ अविवाहित थे और उनके पिता निसार खत्री अनाज व्यापारी हैं। घटना के बाद उनके परिवार वाले गहरे शोक में डूबे हुए हैं।

### दस्तक अभियान की समीक्षा

**हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने शनिवार को जिले के ग्राम भुन्नास का भ्रमण कर दस्तक अभियान कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होने भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि जिस घर में 5 वर्ष तक की आयु के बच्चे हैं, वहां प्रत्येक घर पर दो ओआरएस के पेकेट एवं जिंक की गोली अनिवार्य रूप से देवे तथा ओआरएस बनाने कि विधी एवं हाथ धोने का तरीका बतायें। साथ ही जिंक एवं ओआरएस कार्नर पर परमर्श सेवाएं प्रदान की जावे। उन्होने कार्यकर्ताओं के किये गये कार्यो का कुछ घरो में जाकर सत्यापन भी किया।

# जिला पंचायत में प्रशासन समिति ने की कार्य-योजना के संबंध में चर्चा



**हरदा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह की अध्यक्षता में शनिवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के आय-व्यय, 15 वें वित्त आयोग एवं जिला पंचायत योजना की कार्य-योजना के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं जैसे- मनरेगा, म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण पंचायतीराज एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोहित सिसोनिया ने सभी सदस्यों को जानकारी प्रदान की। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श दर्शनसिंह गहलोत, जिला पंचायत सदस्य रेखा बडौदिया,कविता सुमित शर्मा, कमलेश सेजकर, जयश्री लीलाधर बांके तथा जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### लोकेश शर्मा, उत्तम तेनगुरिया बने महामंत्री

# सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के जिलाध्यक्ष बने सुनील तिवारी



**हरदा।** सर्व ब्राह्मण समाज के सभी ब्लाक अध्यक्षों एवं घटक दल के अध्यक्षों सहित पंजीकृत सदस्यों ने शनिवार को एक होटल में एक बैठक आयोजित की।बैठक में सभी अध्यक्षों ने सर्व ब्राह्मण उन्नति एवं कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन जिलाअध्यक्ष का मनोनयन सर्व सम्मति से करने का विचार रखा। इस दौरान सर्व सम्मति से सर्व ब्राह्मण समाज उन्नति एवं कल्याण समिति ,सर्व ब्राह्मण समाज का जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी को चुना गया। वहीं महामंत्री के दायित्व के लिए लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया का सर्व सम्मति से मनोनयन हुआ। बैठक के दौरान संरक्षक मनोहरलाल शर्मा,चंद्रकांत शुक्ला, प्रदीप पटेल, नितेश बादर, विनीता राजोरिया, नार्मदीय ब्राह्मण मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी किशोर शुक्ला, बीपी तिवारी, मदनलाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेश पाराशर, गोविंद व्यास, डॉ राहुल दुबे, संजय परसाई, संतोष बाजपेयी रहटगांव, मनीष तिवारी खिरकिया, शरण तिवारी हंडिया, शंकरलाल शर्मा, मूलचंद दुबे, वीरेंद्र नंदवाना ने अपने विचार रखकर सर्व सम्मति से मनोनयन पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित ने की, उन्होंने बताया कि संविधान के अनुसार घटक दल, ब्लाक अध्यक्ष एवं पंजीकृत सदस्यों द्वारा अध्यक्ष के मनोनयन का प्रावधान है। इस पवित्र भावना से सभी ने सर्व सम्मति से अध्यक्ष एवं महामंत्री का मनोनयन कर मिशाल पेश की है।जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी एवं महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया के मनोनयन पर सभी ने उन्हें बधाई। इस दौरान गजानंद डाले,दीप उपाध्याय सहित सदस्य उपस्थित रहे।

### हाल ही में कॉलेज को मिला है प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा

# जिले का ऐसा पहला सरकारी कॉलेज जहां एक रुपए रोज किराया चुकाकर बस से पढ़ने के लिए पहुंचेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

नेपानगर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय को हाल ही में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिला है। यह जिले का पहला ऐसा सरकारी कॉलेज होगा जहां शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों के लिए बस सेवा शुरू होने वाली है। इसके टेंडर भी जारी हो चुके हैं। 29 जून टेंडर प्रक्रिया की आखिरी तारीख है। 1 जुलाई से कॉलेज में प्रवेशोत्सव शुरू होगा जो बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा, क्योंकि इसी सत्र से यह कॉलेज पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बना है। खास बात यह है कि बस का दोनों तरफ का किराया महज 1 रूपए रोज रहेगा। 30 रूपए महीने में विद्यार्थी घर से कॉलेज तक सफर कर सकेंगे।

प्राचार्य डॉ. राजू सपकाले के अनुसार निजी कॉलेजों में तो विद्यार्थियों के लिए बस सेवा रहती है, लेकिन पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नेपानगर जिले का ऐसा कॉलेज होगा जहां विद्यार्थियों के लिए बस सेवा होगी। हालांकि एडमिशन के आधार पर यह तय होगा कि बस किस रूट पर चलाई जाएगी। दो दिन में टेंडर प्रक्रिया पूरी होकर अनुबंध पूरा होने की उम्मीद है जबकि 1 जुलाई को दीक्षारंभ यानी प्रवेशोत्सव के साथ नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा।



#### तेजी से चल रहा कॉलेज को अपग्रेड करने का काम

प्राचार्य ने बताया जिले में केवल नेपानगर कॉलेज को ही पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिला है। यहां सुविधाएं भी बढ़ गई है। करीब 40 लाख रूपए की लागत से कॉलेज अपग्रेडेशन का काम चल रहा है। नए कोर्सेस भी चालू होंगे। पूर्व से संचालित कोर्स भी चलेंगे। अध्यापन कराने के लिए नए स्टाफ की स्वीकृति भी मिली है। इसमें 55 सहायक अध्यापक, 7 प्रयोगशाला टैक्निशियन, 7 प्रयोगशाला परिचारक, एक कम्प्यूटर ऑपरेटर होगा।

#### सीएम ने दी है पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस को सुविधा

प्राचार्य के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महाविद्यालय में आने जाने की समस्याओं पर गहन विचार विमर्श के बाद यह सौगात पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों को यह नाममात्र की बस सेवा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। इसके बाद इसकी टेंडर प्रक्रिया हुई। नियमित अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को यह बस सेवा निर्धारित रूट पर उपलब्ध होगी। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को खासा फायदा होगा।

#### प्राचार्य बोले- 35-40 सीटर बस के लिए टेंडर निकाले

प्राचार्य -डॉ. राजू सपकाले ने कहा शासकीय कॉलेज को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिला है। बस सेवा अनुबंध के लिए टेंडर निकाला है। 29 जून टेंडर की आखिरी तारीख है। विद्यार्थी महज 1 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से कॉलेज तक पहुंचेंगे। महीने में उन्हें केवल 30 रूपए ही नॉमिनल चार्ज लगेगा। यह जिले का पहला ऐसा सरकारी कॉलेज है जहां एक रूपए में बच्चे कॉलेज पहुंचेंगे।